रजिस्ट्री सं० डी०—(डी)—73

REGISTERED NO. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 1] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 5, 1980 (पौष 15, 1901)

No. 1] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 5, 1980 (PAUSA 15, 1901)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

पृष्ठ

भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय की छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . . 1

भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 1

भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई, अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 1

भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . . —

भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयक संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . . —

भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिसमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . 1

भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . . 1

भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश . 1

भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग रेल प्रशासन, उच्च मंत्रालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 1

भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस 1

भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं

भाग III—खण्ड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . 1

भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस 1

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notification relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1
PART II—SECTION 1.—Act, Ordinances and Regulations.	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II.—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	1
PART III—SECTION 1.—Notification issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	1
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	1



भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी, 1978

सं० 75—प्रेज/79—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्य परायणता अथवा साहस के कार्यों के लिये "सेना मैडल"/"आर्मी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर परमजीत सिंह (आई० सी० 15804) आर्टीलरी

मेजर परमजीत सिंह मार्च, 1976 से एक एयर आपरेशन यूनिट के फ्लाईट कमांडर हैं । 12 अप्रैल, 1977 को 16,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित एक अपरीक्षित हैलीपैड से थलसेना कंचनजुंगा अभियान दल के दो घायल सदस्यों को बचाने का काम मेजर सिंह को सौंपा गया । वर्षा, हिमपात और धूंध के कारण पहाड़ी क्षेत्र में उड़ान भरना बहुत ही खतरनाक काम था । मेजर सिंह ने 12 अप्रैल, 1977 को इन घायल व्यक्तियों को बचाने के लिए दो बार भरसक प्रयत्न किया परन्तु खराब मौसम के कारण असफल रहे । 13 अप्रैल, 1977 को खराब मौसम के बावजूद इस अपरीक्षित हैलीपैड पर उतरने में सफल हुए और दोनों घायलों को सुरक्षित ले आये जिन्हें तुरन्त चिकित्सा की आवश्यकता थी ।

इस कार्य में मेजर परमजीत सिंह ने असाधारण कोटि का साहस, व्यावसायिक कुशलता और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

2. मेजर मोहिन्दर सिंह खेड़ा (आई सी० 18177) इंजीनियर

मेजर मोहिन्दर सिंह खेड़ा एक विद्युत तथा यांत्रिकी कम्पनी के कमांडिंग अफसर हैं । ढांसा बांध को ऊंचा करने के काम को दिन-रात चलता रहने के लिए 3 अगस्त, 1977 को इस 7000 फुट लम्बे बांध पर बिजली लगाने का काम मेजर खेड़ा को सौंपा गया । इस कार्य को उन्होंने निर्धारित समय में पूरा करके कार्यदल के लिए दिन-रात कार्य करना संभव कर दिया और दिल्ली को बाढ़ की तबाही से बचा लिया ।

5 अगस्त, 1977 को 5.50 बजे मेजर खेड़ा को पता लगा कि ढांसा बांध में 100 फुट लम्बी दरार आ गई है । उन्होंने इस विकट स्थिति को भांप लिया और अपने साथ एक छोटा कार्यदल लिया और दो घंटे में दरार की मरम्मत करके एक रिकार्ड कायम किया । दरार की मरम्मत करके उन्होंने न केवल ढांसा बांध को बचा लिया बल्कि इस दरार से होने वाली जान माल की भारी क्षति से भी दिल्ली को बचा लिया ।

इस कार्य में मेजर मोहिन्दर सिंह खेड़ा ने असाधारण कोटि की व्यावसायिक कुशलता, साहस और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

3. मेजर कंवर सिंह शर्मा (आई० सी०-17819) राजपूताना राईफल्स ।

जुलाई 1977 में हुई अभूतपूर्व वर्षा के कारण साहिबी नदी में भयंकर बाढ़ आ गई थी । जिससे राजस्थान, हरियाणा और संघ शासित प्रदेश दिल्ली का बहुत बड़ा क्षेत्र जलमग्न हो गया था । बाढ़ नियंत्रण से बाहर थी और इससे ढांसा में मिट्टी के बांध को टूटने का खतरा पैदा हो गया था । ढांसा बांध ही पश्चिमी दिल्ली के शहरी और देहाती क्षेत्र को बाढ़ के प्रकोप से बचा सकता था । यह बांध बुरी तरह कट गया था तथा इसके बहने का भारी खतरा पैदा हो गया था । पानी का स्तर इस बांध के ऊपरी किनारे से केवल नौ इंच नीचे रह गया था और इस प्रकार एक बहुत गंभीर स्थिति पैदा हो गई थी जिसपर काबू पाने के लिए तुरन्त कोई ठोस उपाय करना बहुत जरूरी था । इस विकट स्थिति में सिविल अधिकारियों की सहायता के लिए राजपूताना राईफल्स की एक कम्पनी के कमान अफसर मेजर कंवर सिंह शर्मा को भेजा गया । 3 अगस्त, 1977 को उनकी कम्पनी को बांध का 300 फुट हिस्सा 3 फुट ऊंचा उठाने के लिए कहा गया । स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, उन्होंने इस काम को तत्काल शुरू कर दिया । लगातार वर्षा हो रही थी परन्तु उन्होंने अपने आदमियों को निरन्तर काम पर लगाए रखा और 10 घंटे में इस काम को पूरा करके दिल्ली के बहुत बड़े क्षेत्र को संभावित बाढ़ के प्रकोप से बचा लिया ।

8 अगस्त, 1977 को पानी की लहरों से बांध पूरी तरह कट गया था और पानी के निरन्तर बढ़ते हुए दबाव से बांध के बहने का खतरा फिर से पैदा हो गया था । मेजर शर्मा के मार्गदर्शन में उनके आदमी फिर पूरे उत्साह के साथ इस काम पर जुट गए और निरन्तर हो रही वर्षा में 12 घंटे लगातार काम करके उन्होंने इस बांध को बहने से बचा लिया ।

इस प्रकार मेजर कंवर सिंह शर्मा ने असाधारण कोटि के अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

4. मेजर परमजीत सिंह पम्मी (आई० सी० 12324) इंजीनियर

सफरमैनों का काम करने वाले अफसरों को साहसिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें अच्छे नाविक के रूप में उच्च स्तरीय काम की जानकारी देने के लिए बम्बई से ईरान में बन्दर अब्बास तक और वापस बम्बई तक की समुद्री यात्रा की व्यवस्था की गई थी । यह यात्रा "दी अलबट्रोस" नामक 20 फुट लम्बी पाल नाव में आयोजित की गई थी । मेजर परमजीत सिंह पम्मी और कैप्टन के० सुधाकर राव ने इस नाव में आवश्यक फेर-बदल करके उसे समुद्री यात्रा के लायक बनाया और इस अभियान का संगठन करने तथा कर्मीदल को प्रशिक्षित करने की मुख्य जिम्मेवारी इन्हीं अफसरों को सौंपी गई । नौका 19 अक्टूबर को बम्बई से रवाना हुई और 19 दिसम्बर, 1977 को वापस बम्बई पहुंची ।

बम्बई से ईरान जाते समय परमजीत सिंह पम्मी कर्मी-दल के कप्तान थे । यह एक तरफ की यात्रा लगभग 3,500 कि० मी० लम्बी थी । मार्ग में यह नाव द्वारका, करांची और रास-ए-जस्क पर रुकी । यात्रा के दौरान कई बार समुद्र में तूफान उठा और प्रतिकूल हवाएं चलीं । लेकिन इन विपरीत परिस्थितियों में भी मेजर पम्मी ने साहस नहीं खोया और उच्च नौवहन तथा कुशल नाविक का परिचय देते हुए अपनी नाव को सकुशल आगे बढ़ाते रहे । यह नौका-यात्रा आधुनिक भारतीय पाल-नाव चालन के इतिहास में जहां एक बहुत महत्व-पूर्ण घटना बन गई है, वहां इस यात्रा ने भारत ईरान के बीच एक सद्भाव-यात्रा का भी काम किया है और उस देश के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत हुए हैं ।

इस प्रकार मेजर परमजीत सिंह पम्मी ने असाधारण साहस, संकल्प और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया है ।

5. कैप्टन मदनगोपाल (आई० सी० 29714) गोरखा राईफल्स

कैप्टन मदन गोपाल मिजोरम में तैनात थे । 5 दिसम्बर, 1976 को इन्हें सूचना मिली कि जंगल में कुछ विद्रोहियों के छिपे होने की संभावना है । ये इस इलाके में छापा मारने के लिए खुद तैयार हो गए और कुछ सिपाहियों को साथ लेकर इन्होंने उस बीहड़ और भयावह घाटी में छिपे विद्रो-हियों की खोज शुरू कर दी और कुछ देर में उनका पता लगा लिया । इस अचानक छापे से भयभीत विद्रोहियों ने अन्धाधुन्ध गोला-बारी शुरू कर दी । जवाब में कैप्टन गोपाल की टुकड़ी ने भी गोली चलाई जिससे डरकर मिजो विद्रोही भागकर जंगल में छिपने लगे । कैप्टन गोपाल ने झपट कर एक विद्रोही को धर पकड़ा और काफी गुत्थमगुत्था करने के बाद उस पर काबू पा लिया । इस मुठभेड़ में दो और विद्रोही मारे गए और कुछ हथियार तथा गोला-बारूद बरामद हुए ।

इस कार्रवाई में कैप्टन मदन गोपाल ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय, नेतृत्व और असाधारण कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

6. कैप्टन लाल चन्द (एस० एस० 25905) राजपूताना राईफल्स ।

कैप्टन लाल चन्द को 2 नवम्बर, 1976 को हथियारों से लैस 70 मिजो विद्रोहियों के एक गिरोह को रोकने का काम सौंपा गया । यह गिरोह एक पड़ोसी देश में भाग निक-लने की कोशिश कर रहा था रास्ते भर खतरनाक और बीया वान जंगल था । इस खतरनाक इलाके से अपनी प्लाटून को ले जाते हुए ये 3 नवम्बर, 1976 को मिजोरम के एक गांव में स्थित विद्रोहियों के कैम्प के निकट पहुंचे । स्थिति का जायजा लेकर इनकी प्लाटून ने छिपे विद्रोहियों पर बिजली की तेजी से आक्रमण किया । इसमें चार विद्रोही मारे गए और आठ घायल हो गए । विद्रोहियों ने भी भारी मात्रा में और सही निशाने पर गोली-बारी की जिससे एक नान-कमीशन अफसर मारा गया और एक जूनियर कमीशन अफसर घायल हुआ । इस क्षति से विचलित हुए बगैर कैप्टन लाल चन्द अपने चन्द साथियों के साथ हथियारों से लैस 70 विद्रोहियों के उस मजबूत गिरोह पर आक्रमण करते रहे जिसके फलस्वरूप विद्रोहियों को अपने मृत साथियों और हथि-यारों को छोड़ कर जंगल में भागना पड़ा । कैप्टन लाल चन्द ने अपने साथियों में अनुकरणीय सहयोग की भावना पैदा की और मृत नान-कमीशन अफसर तथा बुरी तरह घायल जूनियर कमीशन अफसर को वापस ले आये जिन्हें बाद में हवाई जहाज द्वारा चिकित्सा के लिए भेज दिया गया ।

इस प्रकार कैप्टन लाल चन्द ने, साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

7. कैप्टन किरण इन्द्र कुमार (आई० सी० 19067) पैरा ।

कैप्टन किरण इंद्र कुमार भारतीय मिलिट्री अकादमी लियो-पग्यालि पर्वतारोहण अभियान, 1967, भारतीय एयर कांगड़ी पर्वतारोहण अभियान, 1970, भारत-भूटान कांसरी पर्वत-शृंखलारोहण अभियान, 1971, भारत-ब्रिटेन चांगबांग पर्वता-रोहण अभियान, 1974 और नन्दादेवी पर्वतारोहण अभियान, 1976 के सदस्य थे । इन्होंने भारत-भूटान संगकर दक्षिण पर्वतारोहण अभियान का नेतृत्व भी किया ।

कंचन जुंगा पर्वतारोहण अभियान, 1977 के सदस्य के रूप में कैप्टन कुमार को इस अभियान के लिए भोजन की व्यवस्था और उसको पैकिंग करने का काम सौंपा गया जिसे इन्होंने थोड़े ही समय में पूरा कर दिखाया । कैंप-2 की स्था-पना के बाद इन्हें रिज के टेढ़े मोड़ पर रास्ता बनाने का खतर-नाक काम सौंप गया । इन्होंने काम करके अपने साथियों को प्रोत्साहित किया और अपेक्षित स्थान पर रास्ता बनाने में सफलता हासिल कर ली । इसके बाद जब अपना रस्सा नीचे उतार रहे थे तो इनका एक साथी हवलदार सुखबिन्दर सिंह फिसलकर एक खड़ी चट्टान पर गिर गया और उनकी

मृत्यु हो गई । बंधे हुए रस्से से हवलदार सुखबिन्दर सिंह को छुड़ाने के प्रयास में इन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किये बगैर रस्सा लांघ कर छलांग लगा दी ।

हवलदार सुखबिन्दर सिंह की मृत्यु के बाद दल के अधिकांश सदस्यों का मनोबल काफी गिर गया था । कैप्टन कुमार ने इस स्थिति को भांप लिया और उस घातक रिज पर मार्ग बनाने का काम स्वयं फिर शुरु कर दिया । इन्होंने कैम्प-3 की स्थापना करके कैम्प-4 की ओर काफी दूर तक रास्ता बना दिया । इसके बाद मेजर पुष्कर चन्द इनकी सहायता के लिए आए । लेकिन कैम्प-3 में पहुंचते ही मेजर पुष्कर चन्द बीमार पड़ गए और उन्हें नीचे लाना पड़ा लेकिन कैप्टन कुमार ने वहीं ठहरने की इच्छा प्रकट की । कुछ दिन बाद कैप्टन कुमार फिर वापस रिज पर आए और कैम्प-4 की स्थापना करने के बाद इन्होंने कैम्प-5 का रास्ता भी तैयार कर दिया जबकि ये पेट की तकलीफ से काफी कमजोरी महसूस कर रहे थे । यह इन्हीं की लगन और साहस का फल था कि इनका दल अपेक्षित प्रगति करने में सफल रहा । रिज पर मेजर प्रेम चन्द को सौंपा गया काम भी इन्होंने स्वयं और बखूबी पूरा किया । कैप्टन कुमार की शिखर पर जाने वाले दूसरे दल का सदस्य चुना गया । इन्होंने शिखर पर जाने वाले पहले दल की कैम्प-6 में सहायता की इन्हें दूसरे प्रयास के लिए शिखर की ओर बढ़ना था परन्तु इस बीच भारी मानसूनी वर्षा की संभावना बन जाने से अभियान दल के नेता ने इन्हें वापस बुला लिया क्योंकि इस वर्षा में पूरे दल के वहां फंस जाने का खतरा पैदा हो गया था ।

इस प्रकार कैप्टन किरण इन्द्र कुमार ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

8 कैप्टन राम भरोसे सिंह विष्ट (आई० सी० 16979) आर्मी आर्डनेंस कोर ।

7 मई, 1976 को सैंट्रल आर्डनेंस, जबलपुर, के गोला बारूद सब डिपो के एक बारूद खाने में विस्फोट हो गया था। उस बारूद खाने में बड़ी मात्रा में कई किस्म के विस्फोटक थे। विस्फोटक होने से उस बारूदखाने को काफी क्षति पहुंची। इस दुर्घटना के समय बारूद-खाने के भीतर के दोनों व्यक्तियों अर्थात कम्बेटेण्ट और सिविलियन मजदूर की तत्काल मृत्यु हो गई । बारूद-खाने और गलियारे में बिना फटे विस्फोटक और फ्यूज बिखरे पड़े थे । कुछ बिना फटे विस्फोटक फ्यूज मलबे तथा टूटी हुई छत और दिवार के ढेलों के नीचे पड़े थे और उनकी वजह से बाहर के पूरे क्षेत्र और बारूद-खाने में खतरा बना हुआ था।

बारूद-खाने की सफाई का काम जोखिमपूर्ण था और इसके लिए स्लेबों और ढेलों को हटाने के लिए यंत्रों की सहायता की जरूरत थी । कैप्टन राम भरोसे विष्ट इस बारूद-खाने को साफ करने वाले दल के सदस्य थे। इन्होंने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना इस सफाई कार्य का संचालन किया और वहां से गोला-बारूद हटाने में सफल रहे। विस्फोटक सामान को हटाने का अधिकांशतः कार्य कैप्टन विष्ट ने स्वयं किया ।

कैप्टन राम भरोसे सिंह विष्ट ने इस कार्रवाई में महान साहस, व्यवसायिक कुशलता और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

9. कैप्टन अशोक कुमार सिंह (आई० सी० 27941) इंजीनियर ।

सफरमैनों का काम करने वाले अफसरों को साहसिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें अच्छे नाविक के रूप में उच्च स्तरीय काम की जानकारी देने के लिए बम्बई से ईरान में बन्दर अब्बास तक और वापस बम्बई तक की समुद्री यात्रा की व्यवस्था की गई थी । यह यात्रा "दी अल्बट्रोस" नामक 20 फुट लम्बी पाल-नाव में आयोजित की गई थी । वह नाव बम्बई से 19 अक्तूबर को चली तथा 19 दिसम्बर, 1977 को लौटी । बम्बई से चलने के समय नाव को इंजीनियर कोर के तीन अफसर चला रहे थे तथा वापसी की यात्रा में तीन अन्य अफसर इसको चला कर लाए ।

लगभग 3500 किलोमीटर की वापसी यात्रा में कैप्टन अशोक कुमार सिंह उस पाल नाव के कर्मीदल के सदस्य थे । नौका ने अपने रास्ते में करांची में लंगर डाला । यात्रा के दौरान जब कई बार नाव खराब मौसम में तेज हवा और ऊंची समुद्री लहरों की चपेट में आ गयी तब कैप्टन सिंह ने सफल नाविक तथा नाव संचालन में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और इन सभी संकटों में नाव को सुरक्षित उबारने में अपने सहकर्मियों की सहायता की । पाल नाव चालन के इतिहास में यह यात्रा एक उल्लेखनीय घटना बन गई है। इस समुद्री यात्रा ने ईरान की सद्भावना यात्रा का भी कार्य किया तथा उस देश के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

इस प्रकार कैप्टन अशोक कुमार सिंह ने असाधारण साहस, दृढ़ निश्चय तथा विशिष्ट कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

10. कैप्टन लव कुमार सिंघल (आई० सी० 19954) इंजीनियर ।

सफरमैनों का काम करने वाले अधिकारियों को साहसिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें नाविक के रूप में उच्च स्तरीय जानकारी देने के लिए बम्बई से ईरान में बन्दर अब्बास तक की समुद्री यात्रा की व्यवस्था की गई थी । यह यात्रा "दी अल्बट्रोस" नामक 20 फुट लम्बी पाल-नाव में 19 अक्तूबर से आरम्भ हुई और 19 दिसम्बर, 1977 को नाव वापस बम्बई पहुंची । जाते समय नाव का संचालन इंजीनियरी कोर के तीन अधिकारियों ने किया और आते समय उसी कोर के दूसरे तीन अधिकारियों को यह काम सौंपा गया ।

बम्बई से ईरान की लगभग 35 00 किलोमीटर की यात्रा के लिए जाते समय इस नाव का संचालन करने वाले सदस्यों में कैप्टन लव कुमार सिंघल भी थे । रास्ते में इस नाव ने द्वारका, कराची और रास-ए-जस्क में लंगर डाला । यात्रा के दौरान कई बार जब नाव खराब मौसम, तेज हवाओं और ऊंची समुद्री लहरों की चपेट म आ गई तब कैप्टन सिंघल ने सफल नाविक तथा नाव-संचालक के रूप में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और इन सभी संकटों से नाव को सुरक्षित उबारने में अपने सहकर्मियों की सहायता की । पाल-नाव के इतिहास में यह यात्रा एक उल्लेखनीय घटना बन गई है । इस समुद्री यात्रा ने ईरान को सद्भाव यात्रा का भी काम किया और उस देश के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

कैप्टन लव कुमार सिंघल ने इस प्रकार अदम्य साहस, दृढ़निश्चय तथा उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

11. कैप्टन अमरेश्वर प्रताप सिंह (आई० सी० 25819)

सफरमैनों का काम करने वाले अधिकारियों को साहसिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें नाविक के रूप में उच्च स्तरीय जानकारी देने के लिए बम्बई से ईरान में बन्दर अब्बास तक की समुद्री यात्रा की व्यवस्था की गई । यह यात्रा "दी अल्बट्रोस" नामक 20 फुट लम्बी पाल-नाव में 19 अक्तूबर को बम्बई से आरम्भ हुई और 19 दिसम्बर, 1977 को नाव वापस बम्बई पहुंची । जाते समय नाव का संचालन इंजीनियरी कोर के तीन अधिकारियों ने किया और आते समय उसी कोर के दूसरे तीन अधिकारियों को यह काम सौंपा गया ।

बम्बई से ईरान की लगभग 3500 किलोमीटर की इस यात्रा के लिए जाते समय इस नाव का संचालन करने वाले सदस्यों में कैप्टन अमरेश्वर प्रताप सिंह भी थे । रास्ते में इस नाव ने द्वारका, कराची और रास-ए-जस्क में लंगर डाला । यात्रा के दौरान कई बार जब नाव खराब मौसम, तेज हवाओं और ऊंची समुद्री लहरों की चपेट में आ गई तब कैप्टन प्रताप सिंह ने सफल नाविक तथा नाव-संचालक के रूप में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और सभी संकटों से नाव को सुरक्षित उबारने में अपने सहकर्मियों की सहायता की । पाल नाव चालन के इतिहास में यह यात्रा एक उल्लेखनीय घटना बन गई है । इस समुद्री यात्रा ने ईरान की सद्भावना यात्रा का भी काम किया और उस देश के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

इस प्रकार कैप्टन अमरेश्वर प्रताप सिंह ने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

12. कैप्टन पुष्पिन्दर सिंह बेदी (आई० सी० 25414) इंजीनियर ।

सफरमैनों का काम करने वाले अधिकारियों को साहसिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें नाविक के रूप में उच्च स्तरीय काम की जानकारी देने के लिए बम्बई से ईरान में बन्दर अब्बास तक की समुद्री यात्रा की व्यवस्था की गई । यह यात्रा "दी अल्बट्रोस" नामक 20 फुट लम्बी पाल-नाव में 19 अक्तूबर को बम्बई से आरम्भ हुई और 19 दिसम्बर, 1977 को नाव वापस बम्बई पहुंची । जाते समय नाव का संचालन इंजीनियरी कोर के तीन अधिकारियों ने किया और आते समय उसी कोर के दूसरे तीन अधिकारियों को यह काम सौंपा गया ।

वापसी में इस नाव को 3500 किलोमीटर का सफर करना पड़ा और कैप्टन पुष्पिन्दर सिंह बेदी उन कर्मचारियों में से एक थे जिन्होंने इस नाव पर वापसी के समय काम किया । अपनी इस यात्रा में नाव को मजबूरन कराची बन्दरगाह पर भी रुकना पड़ा । कई बार जब नाव खराब मौसम, तेज हवाओं और ऊंची समुद्री लहरों की चपेट में आ गई तब कैप्टन पुष्पिन्दर सिंह बेदी ने सफल नाविक तथा नाव-संचालन के रूप में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और इन सभी संकटों में नाव को सुरक्षित उबारने मे अपने सहकर्मियों की सहायता की । नौचालन के इतिहास में यह यात्रा एक उल्लेखनीय घटना बन गई है । इस समुद्री यात्रा ने ईरान की एक सद्भावना यात्रा का भी काम किया और उस देश के साथ हमारे मधुर संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई ।

इस प्रकार कैप्टन पुष्पिन्दर सिंह बेदी ने असाधारण साहस संकल्प तथा कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

13. कैप्टन कान्तस्वैनी सुधाकर राव (आई० सी० 19038) इंजीनियर ।

सफरमैनों का काम करने वाले अधिकारियों को साहसिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें नाविक के रूप में उच्च स्तरीय काम करने की जानकारी देने के लिए बम्बई से ईरान में बन्दर अब्बास तक की समुद्री यात्रा की व्यवस्था की गई । यह यात्रा "दी अल्बट्रोस" नामक 20 फुट लम्बी पाल नाव में 19 अक्तूबर को बम्बई से आरम्भ हुई और 19 दिसम्बर, 1977 को नाव बम्बई वापस पहुंची। जाते समय नाव का संचालन इंजीनियरी कोर के तीन अधि-कारियों ने किया और आते समय उसी कोर के तीन अन्य अधिकारियों को यह काम सौंपा गया ।

वापसी में इस नाव को 3,500 किलोमीटर का सफर करना पड़ा और कराची बन्दरगाह पर भी रुकना पड़ा । इस यात्रा में कर्मीदल का नेतृत्व कैप्टन कान्तस्वैनी सुधारक राव कर रहे थे और खराब मौसम में अपना सफल नाविक तथा नाव संचालक का परिचय देकर अपने सहयोगियों में धैर्य तथा साहस भरा । इस प्रकार वे नाव को उसके ठिकाने तक लाने में सफल रहे । नौचालन के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय घटना है । इस समुद्री यात्रा ने ईरान की एक सद्भावना यात्रा का भी काम किया और उस देश के साथ हमारे मधुर सम्बंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपर्ण भूमिका निभाई ।

इस प्रकार कैप्टन कान्तस्वैनी सुधाकर राव ने असाधारण साहस, संकल्प तथा कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

14. लेफ्टिनेंट चन्द्रसेन दिनकर राव निकम (आई० सी० 30931) इंजीनियर

नवम्बर, 1976 से फरवरी, 1977 तक इलाहाबाद में कुम्भ मेले के अवसर पर लेफ्टिनेंट चन्द्रसेन दिनकर राव निकम सहायता कार्य में अफसर इन्चार्ज थे । उन्होंने इस मेले में इन कार्यों में समन्वय रखने के दुष्कर तथा कठिन कार्य को बड़ी अच्छी तरह निभाया । इससे पहले इस मेले में इतने यात्री कभी नहीं आए थे । इतनी बड़ी भीड़ के लिए खास कर मेले के पर्व वाले दिनों की भीड़-भाड़ के लिए नावें काफी नहीं थीं । अतः नदी के सारे तट और विशेष रूप से संगम क्षेत्र में खास चौकसी और सतर्कता की जरूरत थी । पर्व की भीड़-भाड़ के दिनों बहुत ठण्ड और मूसलाधार वर्षा के बावजूद ये अपनी सुख-सुविधाओं को छोड़कर अपनी जान की बाजी लगाकर अपनी नाव में एक स्थान से दूसरे स्थान पर निरन्तर गश्त लगाते रहे और इस प्रकार सहायता कार्य में लगे अपने साथियों को प्रोत्साहित करते रहे। इसका प्रतिफल यह हुआ कि वे चार भयंकर दुर्घटनायें होने से रोक सके और सहायता कार्य में लगे दल ने छिहत्तर व्यक्तियों की प्राण रक्षा की ।

इस प्रकार लेफ्टिनेंट चन्द्रसेन दिनकर राव निकम ने असाधारण साहस, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

15. लेफ्टिनेंट हरिन्दर सिंह चीमा (एस० एस० 27191 इंजीनियर

दिल्ली में आई बाढ़ के दौरान तिलक नगर क्षेत्र में जब लगभग 200 मकान लगभग 4 से 5 फुट गहरे पानी में थे, उस समय 6 अगस्त, 1977 को लेफ्टिनेंट हरिन्दर सिंह चीमा को चार नावों के दल के साथ बचाव कार्यों के लिए वहां भेजा गया । लगभग साढ़े चार बजे शाम को ये तिलक नगर पहुंचे और नागरिकों को उनके सामान के साथ बाढ़ क्षेत्र से बाहर निकालने लगे । अपनी सुख-सुविधाओं को छोड़ते हुए ये रात गए बहुत देर तक और दूसरे सारे दिन काम करते रहे । 7 अगस्त, 1977 को उन्हें तेज बुखार आ गया । इस पर भी ये 7/8 अगस्त, 1977 की आधी रात तक निरन्तर अपने काम पर लगे रहे । इसके बाद तेज बुखार के कारण उनकी हालत बहुत बिगड़ गई और उन्हें सैनिक अस्पताल में भरती करना पड़ा । 10 अगस्त, 1977 को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली ।

11 अगस्त 1977 को उनकी कम्पनी को पालम क्षेत्र में दूसरा काम सौंपा गया था । लेफ्टिनेंट चीमा ने अस्वस्थ होने पर भी इस कार्य के लिए अपनी सेवाएं पेश की और कुछ ही घंटों में पालम पहुँच गए । दोपहर तक उन्होंने नाव में दो चक्कर लगाए—एक बमनौली से चावला ब्रिज तक और दूसरा अलग-अलग पड़े धुलसिराम पोचनपुर और अम्बई गांव तक । उनके जाने तक पालम क्षेत्र के गांव वालों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा । लेफ्टिनेंट हरिन्दर सिंह चीमा की संगठनात्मक क्षमता और कठिन परिश्रम के कारण असन्तुष्ट गांव वाले चन्द दिनों में ही खुश दिखाई देने लगे । उन्होंने तथा उनके दल के कार्मिकों ने हर दिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक काम किया । 30 अगस्त, 1977 तक अलग-अलग पड़े गावों में आवागमन जारी रखते हुए सामान और लोगों को नाव द्वारा इधर-उधर लाते ले जाते रहे । उनके अधीनस्थ सहायता दल ने करीब 27,500 व्यक्तियों, 5,000 पैकेटों और 10 टन आवश्यक सामान नाव द्वारा पहुंचाया ।

इस प्रकार लेफ्टिनेंट हरिन्दर सिंह चीमा ने असाधारण साहस अनुकरणीय नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

16. जे० सी० 46305-सूबेदार पाण्डुरंग उदगुदे, मराठा लाइट इन्फैंट्री

सूबेदार पाण्डुरंग उदगुदे के नेतृत्व में जब एक गश्ती दल 13 जनवरी, 1977 को जम्मू तथा काश्मीर की एक ऊंची चोटी पर गश्त लगा रहा था, उस समय वह बर्फानी तूफान और भूमि के फिसलन की चपेट में आ गया । दल के सभी सदस्य भारी हिमपात में दब गए । सूबेदार उदगुदे खुद गले तक बर्फ में ढक गए थे । उन्होंने समझदारी से काम लिया और अपने आप को बर्फ से बाहर निकालने में सफल हुए बुरी तरह घायल होने तथा मानसिक आघात पहुंचने पर भी वे तत्काल अपने दल के दूसरे साथियों की खोज में निकल पड़े और एक को छोड़कर बाकी सबकी जान बचाई ।

इस कार्रवाई में सूबेदार पाण्डुरंग उदगुदे ने सूझ-बुझ असाधारण कर्तव्य निष्ठा और साहस का परिचय दिया ।

17. जे० सी० 71724-नायब सूबेदार रघबीर सिंह—सिगनल

उत्तरी क्षेत्र में तैनात सिगनल रेजिमेंट के मुख्यालय में 11 नवम्बर, 1976 की रात्रि को सूचना मिली कि लेह के जनरल अस्पताल में भयंकर आग लग गई है । सूचना मिलते ही भारी रेजिमेंट आग बुझाने के यंत्रों सहित अस्पताल जा पहुंची ।

नायब सूबेदार रघबीर सिंह, उस दल में थे जिसे अस्पताल के गैस प्लांट के पास लगी आग को बुझाने का काम सौंपा गया था । उन्होंने देखा कि जिस गलियारे में गैस प्लांट है उसमें आग लगने वाली है । खतरा देखते हुए और उड़ती हुई जलती छिपटियों और चारों ओर लगी आग के खतरे की परवाह किए बिना वे गलियारे की छत पर चढ़ गए और उन्होंने गलियारे की छत पर रखे हुए गैस प्लांट के टैंक को दूसरे साथियों की सहायता से नीचे खींचा और कुछ दूर पर एक सुरक्षित स्थान पर रख दिया ।

वे फिर छत पर चढ़े तथा अन्य साथियों की मदद से उन्होंने संब्बल से छत को तोड़ा और गैस प्लांटों को छत के ऊपर लगी आग से अलग कर दिया । उनके प्रयत्नों से गैस प्लांट आग लगने से बच गया । यदि ऐसा न होता तो भयंकर दुर्घटना हो जाती ।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार रघबीर सिंह ने असाधारण साहस, अनुकरणीय सूझबूझ और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

18 जे० सी०—76881—नायब सूबेदार कुशाल सिंह इंजीनियर

अगस्त, 1977 में दिल्ली में आई० बाढ़ के दौरान सहायता पहुंचाने के लिए नायब सूबेदार कुशाल सिंह को छः नावों की एक प्लाटून की कमान दी गई। 8 अगस्त, 1977 टुकड़ी को लेकर नजफगढ़ सब-डिविजन में खेड़ा के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में पहुंच जाएं और अंधेरा होने से पहले वहां काम करना शुरू कर दें। समय थोड़ा होते हुए भी, नायब सूबेदार कुशाल सिंह ने अपनी प्लाटून पूरे उपस्करों सहित जगह-जगह पर टूटी और दो-तीन फुट पानी में डूबी सड़क पर एक घंटे से भी कुछ कम समय में अपनी प्लाटून वहां पहुंचा दी।

घटना स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि खेड़ा गांव के नजदीक का सारा क्षेत्र जल मग्न है और पानी अभी भी बढ़ता जा रहा था, वहां की जनता का हौसला टूट चुका था और वे आंतकित थे गांव वालों की हालत देखते हुए, बढ़ते हुए अंधेरे की परवाह न कर इन्होंने एकदम आदेश दिया कि तीन नाव तत्काल पानी में उतार दी जाएं और गांव वालों को वहां से निकाल लें। वे और उनके साथी रात बहुत देर तक लगातार काम करते रहे और गांव वालों को आंतक मुक्त कर उनमें आत्म विश्वास उगाने में सफल हुए अपनी छोटी सी सैन्य टुकड़ी की सहायता से इन्होंने अगले चार दिनों में बाढ़-ग्रस्त क्षेत्र से 2886 व्यक्तियों की पानी से बाहर निकाला और 17.3 टन सूखा राशन और 1.4 टन पका हुआ भोजन बाढ़-ग्रस्त गांवों तक पहुंचाया।

नायब सूबेदार कुशाल सिंह ने इस प्रकार असाधारण पहलशक्ति, साहस, संगठनात्मक क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

19. 1318393 नायब सूबेदार वलाप्पिले वीट्टिल बलन-इंजीनियर

इलाहबाद में कुम्भ मेले के अवसर पर नवम्बर, 1976 में नायब सूबेदार वलाप्पिले वीट्टिल बलन को यमुना नदी पर बेले पीटून पुल बनाने को कहा गया। उन्होंने पुल को जोड़ने और उसे काम के योग्य बनाने में सहायता दी। बाद में उन्हें पुल पर बिजली लगाने के लिए जूनियर कमीशन अफसर इन्चार्ज बनाया गया। बेली का सामान इस प्रकार का नहीं था जिस पर बिजली की फिटिंग की जा सके। परन्तु अपनी प्रवीणता और पटुता से उन्होंने न्यूनतम उपलब्ध साधनों से बहुत ही कम समय से बिजली लगाने का कामपूरा पकर दिया। कुम्भ मेले के पर्व के दिनों उन्होंने यमुना नदी में बचाव कार्य करने वालों की सहायता की। खराब मौसम में अपनी पहल और खुद काम करने के लिए आगे आकर उन्होंने अनुकरणीय काम करने के लिए बचाव दल के अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित किया। बिजली से चलने वाली नावों की नियमित और समय पर मरम्मत कर उन्होंने नावों को हर समय काम करने योग्य बनाए रखा।

इस प्रकार नायब सूबेदार वलाप्पिले वीट्टिल बलन ने असाधारण व्यवसायिक कौशल, उत्साह और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

20. 1514715—हवलदार काशी राम कालम्बे-इंजीनियर

दक्षिणेश्वर में स्थित इनलैण्ड वाटर ट्रांसपोर्ट आपरटिंग कम्पनी आफ इंजीनियर्स, चारों ओर से उद्योगों से घिरा हुआ है। 15 फरवरी, 1977 को दिन के एक बजे विभको मैच फैक्टरी, जो फैक्टरी यूनिट लाइन के बिल्कुल निकट है, के ऊपर काले धुएं का एक बादल दिखाई दिया। यूनिट कमांडर ने तत्काल आदेश दिया कि आग लगने की चेतावनी दी जाए और आग की लपटों में फंसे फैक्टरी को सभी सम्भव सहायता प्रदान की जाए।

घटना स्थल पर आग बुझाने के यंत्रों सहित पहुंचने वाली पहली पचास व्यक्तियों की यूनिट में हवलदार काशीराम कालम्बे भी थे। उन्होंने देखा कि एक जलते हुए शैड में अनेक काम गार घिर गए हैं। अपनी जान की बाजी लगाकर कामगारों को बचाने के लिए हवलदार कालम्बे जलते हुए शेड में पहुंचे। शेड के भीतर भी आग की लपटें उठ रही थीं और अन्दर रखी हुई मशीनें, फर्नीचर, माचिसें-सभी लपटों में जल रहे थे। इस पर भी अन्दर फंसे हुए बेहोश कामगारों को निकालकर बाहर लाते रहे। उनको देखकर उस यूनिट के दूसरे लोग उनकी सहायता करने लगे और इस प्रकार सभी कामगारों की जीवन रक्षा हो गई।

इस कार्रवाई में हवलदार काशी राम कालम्बे ने असाधारण साहस, उत्साह और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

21. 1516199—लांस हवलदार अब्दुल सलम-इंजीनियर

लांस हवलदार अब्दुल सलम को दिल्ली में आई बाढ़ के दौरान 9 से 17 अगस्त, 1977 तक खयाला कस्बे के बाढ़ में फंसे लोग को निकालने के लिए तैनात किया गया था। इस कस्बे में 6 से 8 फुट तक पानी खड़ा था और पानी म सांप तैर रहे थे। लांस हवलदार अब्दुल सलम ने अपने अधीनस्थ एक चारों ओर मार करने वाली नौका ली। इस नौका में एक मोटर लगी हुई थी। इससे उन्होंने लगभग 500 व्यक्तियों को उनके निजी सामान के साथ बाढ़ के पानी से बाहर निकाला उनके कर्मीदल ने लोगों को बाढ़ में फंसे घरों से बाहर निकालने में सहायता दी। जहां उन्हें सीने तक गहरे पानी को पार करना पड़ा। 13 अगस्त, 1977 को, जब वे नाव में महिलाओं और बच्चों समेत 14 नागरिकों को लेकर नाव वापस ला रहे थे तो नाव अकस्मात जलमग्न हुए सीमजा के खम्बे से जा टकराई। नाव के तीन कीलक (रिवेट) टूट गए और नाव में पानी भरने लगा। कुछ समय के लिए नागरिकों में आतंक छा गया। किन्तु लांस हवलदार अब्दुल सलम ने तत्काल उन्हें नियंत्रित कर लिया और अपने साथियों से उन तीनों छेदों में रूमाल ठुंसवा कर उन्हें बन्द कर दिया। जो पानी अन्दर नाव में आ गया था उसे बाहर उलीचा गया और नाव में सवार सभी व्यक्तियों सहित नाव को सुरक्षित वापस लाया गया। स्थिति को कुशलता से सम्भालने पर उन्होंने एक सम्भावित दुर्घटना घटित नहीं होने दी।

इस प्रकार लांस हवलदार अब्दुल सलम ने असाधारण सूझबूझ, नेतृत्व और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

22. 1319116—नायक अन्ना कुलम मोहनराज—इंजीनियर।

नायक अन्नाकुलम मोहनराज एक सहायता दल के कमांडर थे जो इलाहाबाद में कुम्भ मेले के अवसर पर मोटर युक्त प्रहारनाव से सहायता कार्य कर रहे थे। कोई दुर्घटना न होने पाए इसके लिए यह दल अपने निश्चित इलाके पर गश्त लगा रहा था। किसी नाव के उलटने या यात्रियों के नावों से नदी में गिरने पर इस मोटर-युक्त नाव (ओ० बी० एम०) का इस्तेमाल किया जाता था। उस समय मोटर को तुरन्त चालू कर और बचाव नाव तेज गति से जाती हुई सावधानी पूर्वक ठीक नदी में उस स्थान पर पहुंच जाती जहां यात्री डूबा हो और सहायता दल के सदस्य डूबते हुए यात्रियों को बचा लेते।

नायक मोहनराज अपने जीवन तथा सुख-सुविधाओं को तिलांजलि देकर हर समय ड्यूटी पर तत्परता से डटे रहते। वे अपनी ड्यूटी पर तब तक मस्तैदी से डटे रहते जब तक पर्व के दिनों में अधिक भीड़ होने से प्राय: यह भय बना रहता था कि कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए। दो अवसरों पर जब लगातार मूसलाधार वर्षा हो रही थी तो वे अपनी ड्यूटी पर डटे रहे और अपनी नाव का सावधानी पूर्वक संचालन करते रहे। इससे उनके सहकर्मियों को भी प्रोत्साहन मिला और वे बिना भोजन और आराम के अपनी ड्यूटी पर डटे रहे। दो अन्य अवसरों पर इन्होंने स्वयं 27 डूबते हुए यात्रियों को बचाया जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे।

इस प्रकार नायक अन्नाकुलम मोहनराज ने असाधारण नेतृत्व साहस, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

23. 1341495—नायक रमन कान्नन—इंजीनियर

नायक रमन कान्नन एक हमला करने वाली नाव पर सहायता करने वाले दल के कमान्डर थे। पानी का बहाव तेज होने और देसी नावों पर मोटर (ओ० बी० एम०) लगने से कुछ ऐसे खतरे हो गए थे जिनको देखते हुए इस दल को अपनी गश्त वाले रास्ते पर लगातार गश्त लगानी होती थी।

जब कभी कोई नाव उलट जाती थी तो तीर्थ यात्री नाव से दूर गिर कर बहने लगते थे तब मोटर वाली नाव को तेजी से चलाकर नदी के बीच में यातायात को काटते हुए नदी में घटना स्थल पर पहुंच जाते थे और इस दल के कर्मचारी डूबते हुए तीर्थ यात्रियों को बचा देते थे। नायक रमन कान्नन ने पर्व के भीड़-भाड़ वाले दिनों में अपने जीवन की परवाह न कर कठिन हालात में अपने काम पर लगे रहे। मूसलाधार वर्षा के दो अवसरों पर नायक कान्नन अपनी नाव को अपने काबू में रखे रहे और बिना भोजन तथा आराम के काम करते रहने के लिए दल के दूसरे सदस्यों को प्रेरित किया। इसी प्रकार के ऐसे ही दो दूसरे मौकों पर इन्होंने स्वयं 13 व्यक्तियों को बचाया जिनमें से अधिकतर औरतें और बच्चे थे।

इस कार्रवाई में नायक रमन कान्नन ने असाधारण नेतृत्व, साहस, व्यावसायिक कुशलता और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

24. 1525887—नायक रेशम सिंह—इंजीनियर

जुलाई/अगस्त, 1977 दिल्ली में आई बाढ़ के दौरान नायक रेशम सिंह नजफगढ़ के नजदीक भटीकरा बेस थे एक मोटर से चलने वाली नाव पर काम कर रहे थ। 20 अगस्त, 1977 को लगभग 14.20 बजे इन्हें कुछ गांवों वालों को दौलतपुर गांव में समीप ऊंचे स्थान पर नाव से ले जाने के लिए कहा गया। इनकी नाव निश्चित स्थान पर पहुंचने वाली थी कि इन्होंने देखा कि पिडवाला कलां की ओर जाने वाली दूसरी नाव उलट गई है। उन्होंने जल्दी से यात्रियों को नाव से उतारा और पूरी रफ्तार से अपनी नाव दुर्घटना वाले मार्ग पर ले चले। लगभग 25 मिनट के अन्दर वे दुर्घटना वाले स्थान पर पहुंच गए और उल्टी हुई नाव के बचाए गए यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले गए।

इस कार्य में नायक रेशम सिंह ने असाधारण साहस, पहल और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

25. 2446571—नायक संत राम—पंजाब रेजीमेंट

चम्बा जिले (हिमाचल प्रदेश) के बनी खेत नामक स्थान पर स्थित सिविल सप्लाई के गोदाम की बिल्डिंग में 19 मार्च, 1977 को 19.00 बजे भयंकर आग लग गई। लकड़ी की बनी पूरी बिल्डिंग से आग की लपटें उठ रहीं थीं। नायक संत राम को जलते हुए गोदाम से गेंहूं के बोरे निकालने का काम दिया गया। दरवाजों में से गेहूं के बोर निकालना सम्भव नहीं था। अत: गोदाम की एक तरफ की दीवार में विस्फोटक से दरार बनाई गई। नायक संतराम उस दरार में घुस गये और गेंहूं के बोरे बाहर लाने लगे। तब तक गेहूं के बोरों के ऊपर से जलते हुए शहतीर गिरने से ऊपर के बोरों पर भी आग लग गई थी। नायक संत राम ने आग बुझाने वाले व्यक्तियों से अनुरोध किया कि उस दरार में से अपने पाइप से पानी फेंक कर आग बुझाएं। पानी के जोर से दीवार टूट गई और इस नान-कमीशन अधिकारी और उसके साथियों को काफी चोटें आईं। नायक संत राम के सिर पर चोट लगी और उसमें से तेजी से खून बहने लगा। अपनी चोट की चिंता किये बिना उन्होंने पहले अपने साथियों को दरार में से बाहर निकालने में सहायता की। इस दौरान सिर से बहुत ज्यादा खून बहने के कारण वह बुरी तरह थक गए तथा उन्हें मूर्छित अवस्था में दरार से बाहर निकाला गया और डलहौजी स्थित मिलिट्री अस्पताल में गम्भीर हालत में दाखिल कराया गया।

इस कार्रवाई में नायक संत राम ने असाधारण साहस, दृढ़ निश्चय और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

26. 73111128—नायक चोटसली अहोवी—सीमा सुरक्षा दल।

नागालैण्ड में गठित सीमा सुरक्षा दल की एक कम्पनी के नायक चोटसली अहोवी को निर्धारित काम को पूरा करने के लिए कुछ गिने चुने आदमी दिए गए थे। नायक अहोवी ने अपना कार्य बहुत ही सावधानी, और व्यावहारिक ढंग से शुरू किया। इन्होंने अपने साथियों को प्रोत्साहित किया और छोटे-

छोटे ग्रुपों में काम शुरू किया । कई बार तो बिना किसी प्रकार के औजारों के काम करने लग । अपने अथक और सतत प्रयत्न से इन्होंने कार्य को नई दिशा दी । उनके और उनके कर्त्तव्य परायण दल ने एक वर्ष के दौरान बहुत कार्यों में सफलता प्राप्त की । और उसके परिणामस्वरूप बहुत हथियार, गोलाबारूद तथा कागजात प्राप्त हुए ।

बाद में नायक अहोवी और इनके साथियों ने पूरे नागालैण्ड को ही अपना कार्य क्षेत्र बना दिया । इन लोगों ने विपरीत जलवायु और दुर्गम क्षेत्रों में दिन रात काम किया । इस नए कार्य में भी दिसम्बर, 1974 में नायक चोटसली अहोवी ने सुरक्षा दल की आगे की योजना के लिए ठोस आधार बना दिया । वे दो दिन, दो रात लगातार चलते रहे और उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की ।

इस प्रकार नायक चोटसली अहोवी ने असीम साहस, नेतृत्व, संगठन क्षमता और असाधारण कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

27. 1521936—लांस नायक हरनेक सिंह—इंजीनियर ।

15 फरवरी, 1977 को दक्षिनेश्वर, कलकत्ता स्थित बिमको मच फैक्टरी में आग लग गई । नजदीक की एक इंजीनियर कम्पनी के 50 व्यक्तियों की एक टीम नायब सूबेदार चमन सिंह के नेतृत्व में घटना स्थल को भेजी गई । लांस नायक हरनेक सिंह उस आग बुझाने वाली टीम में से एक थे ।

अभी आग बुझाने की कोशिश ही की जा रही थी कि लांस नायक हरनेक सिंह ने अपना पाइप उठाकर थोड़ी सी ही दूरी पर एक धुएं से भरे हुए शेड की ओर कर दिया । धुआं खत्म होने पर इन्होंने देखा कि लाल तपते स्टील के शेड के विध्वस भाग के पीछे कुछ कार्मिक फंसे हुए हैं । बढ़ते हुए ताप मान तथा बढ़ती हुई आग की लपटों के कारण शेड के गिरने के भय से अपने जीवन की कोई परवाह न की और अपने पाइप की उन्हों फंसे हुए व्यक्तियों की तरफ किए रखा जिससे कि आग की लपटें उन व्यक्तियों तक न पहुंच पाये । कार्मिको को गिरते हुए देखकर इन्होंने पाइप को उन व्यक्तियों की ओर करके छोड़ दिया और दस गज की दूरी तक जलते हुए मलबे में दो बार उन व्यक्तियों की ओर दौड़े और गिरे हुए व्यक्तियों में से दो को बाहर निकाला । तीसरी बार में ये खुद भी कुछ क्षणों के लिए वहीं फंस गये । होश आने पर भी ये उन दो व्यक्तियों के बारे में सोच रहे थे जिनकी इन्होंने सहायता की थी ।

इस कार्रवाई में लांस नायक हरनेक सिंह ने असाधारण कोटि साहस, पहल और कर्तव्य निष्ठता का परिचय दिया ।

28. 1452015-सैपर राम दिया—इंजीनियर ।

सितम्बर, 1976 में भारी वर्षा के कारण बिहार की अधिकांश नदियों में बाढ़ आ गई थी । 18 सितम्बर, 1976 की गंगा और बूढ़ी गण्डक नदियों के सुरक्षा तट बंधों में दरारें पड़ गई जिससे बिहार के बेगूसराय जिले का अधिकांश भाग जलमग्न हो गया । बिहार सरकार ने बाढ़ बचाव कार्यों के लिए सेना की सहायता मांगी और 23 सितम्बर, 1976 को एक इंजीनियर रेजिमेंट को बेगूसराय में बाढ़ से बचाव करने का काम करने को कहा गया ।

सैपर राम दिया उस जिले के एक खण्ड में कार्य कर रहे कार्मिक दल में थे । ज्वर और जुखाम से पीड़ित होने के कारण उन्हें रेलवे स्टेशन के पास एक कैम्प में छोड़ दिया गया था । 23 सितम्बर, 1976 को लगभग नौ बजे सुबह दो लड़के जब सेना की टुकड़ी के पास वाले रेलवे तटबंध के साथ साथ चल रहे थे, वे फिसल कर बाढ़ के पानी में गिर गए । पास खड़े नागरिकों ने सहायता की पुकार की—सैपर राम दिया अपनी अस्वस्थता की तनिक भी चिन्ता किए बिना तेजी से तम्बू से बाहर आए और उफनते हुए पानी में कूद पड़े । ये तैरते हुए डूबते हुए लड़कों की ओर बढ़े और उनमें से एक लड़के को जो अधिक निकट था पकड़ लिया । उन्होंने उस लड़के को अपने कंधों पर बिठा लिया और तैरते हुए दूसरे की ओर बढ़े, दूसरे को भी पकड़ने में सफल रहे और इस प्रकार दोनों की रक्षा की । आवश्यक प्रथमोपचार के बाद दोनों लड़कों की जान बच गई ।

इस कार्रवाई में सैपर राम दिया ने अनुकरणीय साहस, मुस्तैदी और असाधारण कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

29. 1402421—सैपर यशबीर सिंह—इंजीनियर ।

सितम्बर, 1976 में भारी वर्षा के कारण बिहार की अधिकांश नदियों में बाढ़ आ गई थी । 18 सितम्बर, 1976 की गंगा और बूढ़ी गण्डक नदियों के सुरक्षा तटबंधों में दरारें पड़ गई जिससे बेगूसराय जिले का अधिकांश भाग जलमग्न हो गया । राज्य सरकार ने बाढ़ से बचाव करने के कार्यों के लिए सेना की सहायता मांगी और 20 सितम्बर, 1976 को एक इंजीनियर रेजिमेन्ट को बेगूसराय जाकर बाढ़ से बचाव करने का काम करने को कहा गया ।

सैपर यशवीर सिंह उस नौका कर्मीदल में थे जिसे बलिया गांव के बीच खाने का सामान ले जाने पर लगाया गया था । 24 सितम्बर, 1976 को जब नौका को लखमेनियां में लादा जा रहा था तो सहायता के लिए चीख-पुकार सुनाई दी । सैपर यशबीर सिंह तुरंत मौके पर गए और उन्होंने दो लड़कियों को बाढ़ के पानी की तेज धारा में बहते हुए देखा । अपनी जान की बाजी लगा कर वह पानी म कूद गये । वे तैरते हुए एक लड़की की ओर बढ़े जो उस समय तक पानी में डूब गई थी । उन्होंने गोता लगाया और कुशल तैराक होने के कारण लड़की को बाहर लाने में सफल हुए । इसी बीच में उनके कार्य से प्रेरित हो कर उनके एक अन्य साथी ने भी पानी में छलांग लगा दी और दूसरी लड़की की जान बचाई ।

इस कारवाई में सैपर यशबीर सिंह ने महान साहस, पहल-शक्ति, कुशलता और असाधारण कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

30. 1520691—सैपर जिले सिंह—इंजीनियर ।

जुलाई, अगस्त, 1977 में दिल्ली में आई बाढ़ के दौरान मोटर लगी हुई नौका के कर्मीदल में सैपर जिले सिंह भी थ । इस नाव में सैपर मोहम्मद अलाउद्दीन नजफगढ़ सब्टर के भटीकरा क्षेत्र में काम कर रहा था ।

20 अगस्त, 1977 को लगभग 14.00 बजे उस नौका को कुछ पका हुआ भोजन और गांव वालों को पिण्डवाला कलां ले जाने को कहा गया । जब नौका गांव के करीब 300 गज की दूरी पर थी, उसमें कुछ पा ी भर गया और यात्रियों ने पानी से बचकर नाव की दूसरी ओर जाना प्रारम्भ कर दिया । उन्होंने कर्मीदल के

अन्य कर्मचारियों के साथ यात्रियों को इधर-उधर आने जाने से रोका किन्तु वे इसमें असफल रहे और नाव उलट गई। अपनी जान की बाजी लगाकर उन्होंने डूबते हुए लोगों को बचाना शुरु किया और अपने साथियों की मदद से वे पन्द्रह व्यक्तियों को बचाने में सफल हुए। इन व्यक्तियों को वे तब तक एक सुरक्षित स्थान पर रखे रहे जब तक उनके बचाने के लिए गांव से एक नाँव नहीं पहुंच गई।

इस कार्रवाई में सैपर जिले सिंह ने साहस, दृढ़ संकल्प और असाधारण कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

31. 1537528—सैपर महमूद खान—इंजीनियर।

जुलाई/अगस्त, 1977 में दिल्ली में आई बाढ़ के दौरान सैपर महमूद अलाउद्दीन जिस मीटर युक्त नाव को चला रहे थे उसमें सैपर महमूद खान भी थे। वह नौका उस समय नजफगढ़ सैक्टर के भटीकरा क्षेत्र में काम कर रही थी। 20 अगस्त, 1977 को लगभग 14.00 बजे उनकी नौका को कुछ पका हुआ भोजन और गांव वालों को पिण्डवाला कलां ले जाने को कहा गया। जब नौका गांव से 300 गज की दूरी पर थी, उसमें कुछ पानी भर गया और यात्रियों ने पानी से बचकर नौका के दूसरी ओर जाना प्रारम्भ कर दिया। उन्होंने कर्मीदल के अन्य सदस्यों के साथ यात्रियों को इधर-उधर जाने से रोका किन्तु वे असफल रहे और नाव उलट गई। अपनी जान की बाजी लगाकर उन्होंने डूबते हुए लोगों को बचाना शुरु किया और साथियों की मदद से पन्द्रह व्यक्तियों को बचाने में सफल रहे। इन व्यक्तियों को वे तब तक एक सुरक्षित जगह पर रखे रहे जब तक कि दूसरी नाव उनको बचाने के लिए गांव से बाहर नहीं ले गई।

इस कार्रवाई में सैपर महमूद खान ने साहस, दृढ़ संकल्प और असाधारण कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

32. 13917986—सिपाही लाल सिंह पशु—सैना चिकित्सा कोर।

11 नवम्बर, 1976 को जब सिपाही लाल सिंह पशु उत्तरी क्षेत्र में एक जनरल अस्पताल के एक्यूट मेडिकल वार्ड में ड्यूटी कर रहे थे तो अस्पताल में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग एक्यूट मेडिकल वार्ड तक पहुंच गई। सिपाही एस० सी० आर० पिल्ला जिसकी कई हड्डियां टूटी हुई थीं और गम्भीर रोगी सूची में था और उसे "इन्टरवीनस इनफ्युजन" दिया जा रहा था। सिपाही पशु ने इनफ्युजन को बन्द कर दिया और उस रोगी की जान बचाने के लिए उसे एक सुरक्षित स्थान पर ले जाने लगे। जब वह उस रोगी को सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे थे उनका दम घुटने लगा और मूर्छित हो गए। उस स्थान के पास अन्य उपस्थित लोगों ने उन दोनों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

होश में आने पर सिपाही पशु तत्काल मेडिकल बटालियन की उस बैरक में गए जहां पर आग के कारण अस्पताल से लाए गए रोगियों को रखा गया था। उन्होंने रोगी की जान बचाने के लिए गम्भीर रूप से बीमार रोगी को "इन्टरवीनस इनफ्युजन" देना प्रारम्भ कर दिया।

इस कार्रवाई में सिपाही लाल सिंह पशु ने उच्च कोटि का साहस, सूझ-बूझ, व्यवसायिक कौशल और कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

के० सी० मादप्पा, राष्ट्रपति के सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 दिसम्बर 1979

सं० यू० 1/151.3/31/78—जबकि भारत सरकार के निमंत्रण पर और संयुक्त राष्ट्र महासभा के निर्णय के अनुसार संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन का तृतीय महा सम्मेलन 21 जनवरी, 1980 से 8 फरवरी, 1980 तक नई दिल्ली में होगा :

और जबकि, संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन के तृतीय महा सम्मेलन की व्यवस्था के संबंध में भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों के बीच नवम्बर, 1979 के 12वें दिन वियना में एक करार सम्पन्न हुआ था;

इसलिए, अब संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार एवं उन्मुक्तियां) अधिनियम 1947 (1947 का 46) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार, इसके द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की अनुसूची में निर्दिष्ट प्रावधान, संलग्न करार को प्रभावकारी बनाने के लिए, जहां तक आवश्यक हो, संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन के तृतीय महा सम्मेलन तथा इसके प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों पर, आवश्यक परिवर्तन सहित, लागू होंगे।

करार

भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र के बीच संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन के तृतीय महा सम्मेलन के प्रबंध के विषय में।

प्रस्तावना

21 जनवरी से 8 फरवरी, 1980 तक नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन का तृतीय महा सम्मेलन आयोजित करने (जिसे इसके बाद 'सम्मेलन' कहा गया है) के भारत सरकार के निमंत्रण को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा संकल्प क/32/164 द्वारा स्वीकार किये जाने के बाद और 17 दिसम्बर 1976 के महासभा संकल्प 31/140 की शर्तों को ध्यान में रखते हुए जिसमें यह व्यवस्था है कि संयुक्त राष्ट्र निकाय अपने स्थापित मुख्यालयों से बाहर अधिवेशन आयोजित कर सकते है। जब सरकार अपने क्षेत्र के अन्दर किसी अधिवेशन के आयोजन के लिए निमंत्रण जारी करते हुए, जहां तक संभव हो, महासचिव के साथ परामर्श के बाद, प्रत्यक्ष रूप से अथवा अप्रत्यक्ष रूप से शामिल वास्तविक अतिरिक्त मूल्य चुकाने के लिए राजी हो गयी हो, भारत सरकार (जिसे इसके बाद 'सरकार' कहा गया है) तथा संयुक्त राष्ट्र, इसके द्वारा नीचे लिखे अनुसार सहमत होते हैं।

सम्मेलन में भाग लेना

सम्मेलन में निम्नलिखित भाग ले सकते हैं :—

(क) सम्मेलन में आमंत्रित राज्यों के प्रतिनिधि;

(ख) नामीबिया के लिए संयुक्त राष्ट्र परिषद के प्रतिनिधि;

(ग) विशिष्ट अभिकरणों एवं अन्तर्राष्ट्रीय अणु ऊर्जा अभिकरण के प्रतिनिधि;

(घ) राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनों अथवा संगठनों के पर्यवेक्षक जो सम्मेलन में भाग लेने के अधिकारी हैं;

(ङ) संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था से बाहर के अन्य अन्तर-सरकारी संगठनों के पर्यवेक्षक जिन्हें इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है; और

(च) सम्मेलन में आमंत्रित गैर-सरकारी संगठनों के पर्यवेक्षक।

II. परिसर, उपस्कर, उपयोगी वस्तुओं और लेखन सामग्री की सप्लाई

1. सरकार इस सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में अपने खर्च पर ऐसा स्थान तथा वे सुविधायें उपलब्ध करायेगी जो सम्मेलन आयोजित करने के लिए आवश्यक होगी। सम्मेलन के परिसर तथा उनकी सुविधाओं की सूची इस करार के अनुबन्ध II में दी गयी है। उपयुक्त कार्य-क्षेत्र तथा प्रैस के लिए आवश्यक सभी सामान तथा अन्य सूचना साधन की भी सरकार द्वारा व्यवस्था की जायगी।

2. ये परिसर सम्मेलन के दौरान तथा इसके आरंभ होने से पहले एवं समाप्त होने के बाद उतनी अतिरिक्त अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र के अधिकार में रहेंगे जितनी कि संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन का सचिवालय सरकार के परामर्श से तैयारी तथा सम्मेलन से संबद्ध सभी मामलों के लिए आवश्यक समझे ।

3. सरकार अपने खर्च पर उल्लिखित उन सभी कमरों तथा कार्यालयों को जिनकी सूची अनुबन्ध II में दी गई है इस ढंग से सुसज्जित करेगी तथा उनकी अच्छी तरह मरम्मत करके सुरक्षित रखेगी जिससे कि सम्मेलन कारगर तरीके से आयोजित किया जा सके ।

4. सरकार अपने खर्च पर सामान प्रदान करेगी तथा सुरक्षित रखेगी जैसे मिमियोग्राफ अन्य अनुलिपिक एवं फोटो अनुलिपिकरण मशीन, अपेक्षित भाषाओं कुंजी के पटलों-सहित टाइपराइटर, टेप-रिकार्डर तथा अन्य ऐसी सामग्री जो सम्मेलन के कारगर आयोजन के लिए आवश्यक हो जिसकी सूची अनुबन्ध II में दी गई है ।

5. सरकार सम्मेलन के प्रयोजनार्थ कार्यालय के लिए आवश्यक सामग्री की स्थायी वस्तुओं की भी अपने खर्च पर व्यवस्था करेगी जैसे स्टेपलर, एशट्रे, कैंची, कूड़ादान, लटर ओपनर डैस्क कैलेंडर, ब्लाटिंग पैड आदि ।

6 सरकार इस सम्मेलन क्षेत्र में एक बैंक, एक डाकघर और टेलीफोन, टेलीग्राफ और यात्रा सुविधाएं, प्राथमिक उपचार सुविधाएं, एक कैफेटेरिया और रेस्टोरेंट तथा इसके साथ ही साथ बहुभाषीय सूचना सेवाओं की व्यवस्था करेगी । इस सम्मेलन में जिन लोगों को आमंत्रित किया गया हो अथवा आने की अनुमति दी गई हो, के लिए स्थान की व्यवस्था भी करेगी ।

7. सरकार सभी आवश्यक उपयोगिता सेवाओं का खर्च वहन करेगी जिसमें नई दिल्ली स्थित सम्मेलन सचिवालय के दुरभाष, सम्प्रेषण तथा वियना में सम्मेलन सचिवालय और यूनिडो मुख्यालय एवं संयुक्त राष्ट्र न्यूयार्क स्थित मुख्यालय के बीच टेलेक्स और टेलीफोन के माध्यम से यथोचित रूप से प्राधिकृत सरकारी सम्प्रेषण शामिल है ।

